माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in   Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1537/ 8/प्रशा0/MSU/2024–25   दिनांक: 03/01/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
सहारनपुर।

विषयः– शैक्षिक सत्र 2024–25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत संस्था के लॉगिन से डिजीटल सिग्नेचर से फारवर्ड किये गये अनुसूचित जाति/जनजाति/सामान्य वर्ग के छात्रों का मांगपत्र का प्रेषण करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहारनपुर के पत्रांक सं0–C–4525/स0क0/दशमो0छात्रवृत्ति/2023–24, दिनांकः 02.01.2025 एवं विश्वविद्यालय के पूर्व पत्रांकः–1499/08/प्रशा0/MSU/2024–25, दिनांकः 27.12.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समस्त महाविद्यालयों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत संस्था के लॉगिन से डिजीटल सिग्नेचर से फारवर्ड किये गये छात्रों के मांग–पत्र की फाईल विश्वविद्यालय में जमा करने के लिये निर्देशित किया गया था। किन्तु आज दिनांकः 03.01.2025 तक भी महाविद्यालयों ने मांग–पत्र फाईल जमा नहीं करायी है। विश्वविद्यालय द्वारा अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए मांग–पत्र फाईल प्रत्येक दशा में दिनांकः 08/01/2025 को सायं 05:00 बजे तक विश्वविद्यालय में निम्नलिखित अभिलेखों सहित जमा कराना सुनिश्चित करें।

1	संस्था लॉगिन से डिजिटल लॉक कर फारवर्ड किये गये अनुसूचित जाति/जनजाति/समान्य वर्ग के छात्रों का जातिवार मांगपत्र की प्रमाणित हार्ड कापी व सॉफ्ट कापी (सी0डी0)।
2	परिशिष्ट "झ" के अनुरूप 10/–रू0 के नाम ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा प्रमाणित संस्था के सचिव व प्राचार्य का संयुक्त फोटोयुक्त शपथ पत्र।
3	बी0एड0 पाठ्यक्रम के छात्रों के काउन्सलिंग के पत्र की छायाप्रति।
4	संस्था स्तर पर गठित छात्रवृति स्वीकृति समिति का पत्र (अध्यापको के नाम, पद नाम, मोबाईल नम्बर हस्ताक्षर सहित)
5	संस्था की प्रबन्ध समिति का पत्र।
6	पाठ्यक्रम वार अनुमोदित सीट के सापेक्ष जाति वर्ग वार प्रवेशित प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्रवृति हेतु आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या।
7	छात्रों की उपस्थिति के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत रही है तथा संस्थान द्वारा पाठ्यक्रमवार आनलाईन भरी गयी है।

दिनांकः 08.01.2025 के पश्चात मांग–पत्र से सम्बन्धित कोई भी फाईल जमा नहीं की जायेगी।

भवदीय,

03.01.25

(डॉ0 राकेश चन्द्र)
नोडल ऑफिसर छात्रवृत्ति

प्रतिलिपि–अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
2. उपकुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर।
3. जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहारनपुर,मुजफ्फरनगर,शामली।
4. कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ।

नोडल ऑफिसर छात्रवृत्ति